**Regarding non-availability of NCERT Text-books in Darbhanga district, Bihar-laid**

श्री गोपाल जी ठाकुर **(**दरभंगा**) :** दरभंगा जिला में संचालित दर्जनों निजी विद्यालयों को सीबीएसई के द्वारा मान्यता प्रदान की गई है लेकिन इन मान्यता प्राप्त अधिकांश विद्यालयों में बच्चों की फीस एवं अध्ययन हेतु पुस्तकों के संदर्भ में कोई गाइड लाईन निर्धारित नहीं होने के कारण एनसीईआरटी के बदले विभिन्न प्रकाशनों की पुस्तकें बच्चों को पढ़ाई जाती है । प्रायः ऐसी शिकायतें मिलती हैं कि ऐसे विद्यालयों में एनसीईआरटी की पुस्तक के बदले विभिन्न प्रकाशन की पुस्तक पढाई हेतु निर्धारित की जाती है और जिसके कारण गरीब और मध्यमवर्गीय परिवार के अभिभावकों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है । माननीय मंत्री जी से मेरी मांग है कक्षावार फीस निर्धारण एवं पढ़ाई जाने वाली पुस्तकों को लेकर अविलंब इस शैक्षणिक सत्र से आदेश जारी किया जाय ताकि बच्चों के अभिभावकों को आर्थिक परेशानी का सामना ना करना पड़े ।